NT>

Title: Need to provide central grant for installation of `Rope-way` in the Jaipur city in Rajastahn

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : अध्यक्ष महोदय, जयपुर शहर में दो कमियां है। एक यह है कि वहां स्थायी प्रदर्शनी मैदान नहीं है। दूसरा, हरिद्वार में मनसा माता के मंदिर पर जाने के लिए रोपवे की व्यवस्था की गई है, वैसे ही जयपुर में नहरगढ़, जयगढ़, आमेर, गलता आदि सभी स्थान पहाड़ पर स्थित हैं, वहां जाने के लिए रोपवे की व्यवस्था होनी चाहिए। राजस्थान में अकाल पड़ा हुआ है इसलिए वहां की सरकार के पास रोपवे लगाने के लिए पैसा नहीं है। मेरा कहना है कि वहां रोप वे की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि पर्यटक, विशेाकर वृद्ध लोग आसानी से जाकर उन स्थानों को देख सकें।

मेरा भारत सरकार से नि़वेदन है कि वह जयपुर शहर में रोपवे लगाने के लिए राजस्थान सरकार को पैसा दे ताकि वे उन दर्शनीय स्थानों पर रोपवे लगा सकें।